राजस्थान सरकार
आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

क्रमांकः–एफ–13/4/8/वी.एस./डीईएस/2020/1060 दिनांकः 29.10.2024

जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) एवं
संयुक्त/उप निदेशक,
आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग
समस्त

विषयः– पहचान पोर्टल पर सम्पर्क सूत्र अपडेट करना एवं सीएचसी/पीएचसी/निजी चिकित्सालय के लॉगिन आई–डी पासवर्ड हेतु सूचना भिजवाने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि पहचान पोर्टल पर समीक्षा उपरांत पाया गया है कि वर्तमान में जिला रजिस्ट्रार/ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी/रजिस्ट्रार/उप रजिस्ट्रार के सम्पर्क सूत्र पहचान पोर्टल पर अपडेट नही है जिससे आमजन को स्थानीय स्तर पर सम्पर्क करने में समस्या उत्पन्न होती है एवं उनके द्वारा राज्य स्तर पर समस्याओं के लिए सम्पर्क किया जाता है। यह भी देखने में आया है कि अभी भी आपके जिले के सीएचसी एवं पीएचसी द्वारा पहचान पार्टल पर लॉगिन आई–डी और पासवर्ड जारी नही कराये गये है। इस संबंध में लॉगिन आई–डी पासवर्ड जारी कराने के लिए निरंतर निदेशालय को पत्र प्राप्त हो रहे है।

साथ ही आपके जिले में जिन निजी चिकित्सालय में जन्म–मृत्यु की घटनाऐं घटित हो रही है और उनके द्वारा पहचान पोर्टल के आई–डी और पासवर्ड जारी नही कराये गये है। उनकी पहचान पोर्टल पर लॉगिन आई–डी और पासवर्ड जारी कराने की कार्यवाही करावें जिससे निजी चिकित्सालय स्वयं के लॉगिन से उनके संस्थान में होने वाली जन्म–मृत्यु की घटनाओं के पंजीयन हेतु आवेदन कर सके।

अतः निर्देशित किया जाता है कि **आपके जिले की सीएचसी/पीएचसी या अन्य कोई राजकीय चिकित्सालय जिनके द्वारा अभी तक लॉगिन पासवर्ड जारी नही कराये गये है उनकी सूचना (एक्सेल शीट) तैयार कर निदेशालय को भिजवाते हुए पहचान पोर्टल पर जिला रजिस्ट्रार/ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी/रजिस्ट्रार/उप रजिस्ट्रार के सम्पर्क सूत्र अपडेट करवाना सुनिश्चित करावें।**

संलग्नः– एक्सेल शीट प्रारूप।

भवदीय,

(डॉ.सुदेश कुमार)
अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु)
एवं संयुक्त निदेशक (जीवनांक)